कार्यालय जिला पंचायत सुकमा, जिला–सुकमा(छ.ग.)

Email Id - ceo.zp.sukma@gmail.com, drda.sukma@gmail.com, phone no. 07864-284027

क्रमांक / 1212 / जि.प. / स्था. / 2024-25 सुकमा, दिनांक 15 / 07 / 2024

सुकमा हेतु आकांक्षी ब्लॉक फेलो की नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति सूचना

जिला सुकमा के विकासखण्ड कोन्टा में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेश और आधारभुत अधोसंरचना जैसे कार्यो को बढ़ावा देने के लिए आकांक्षी ब्लॉक फेलो की भर्ती किया जाना है। इस हेतु विज्ञापन का प्रारूप तैयार किया गया है जो निम्नानुसार है –

पद का नाम – आकांक्षी ब्लॉक फेलो
मानदेय – 55,000.00/– (अक्षरी :– पचपन हजार रूपये मात्र) प्रतिमाह स्टायफंड

क्रमांक	रिक्त पद का विवरण	पदों की संख्या
01	आकांक्षी ब्लॉक फेलो	01

भर्ती हेतु नियम एवं शर्ते निम्नानुसार होगी :–

1. आवेदनकर्ता की आयु 01 जनवरी 2024 को 22 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
2. इन पदों की भर्ती वाक इन–इन्टरव्यू के माध्यम से किया जायेगा।
3. आवेदनकर्ता किसी भी विषय में स्नाकोत्तर होना अनिवार्य है।
4. आवेदक को हिंदी, अंग्रेजी बोलना एवं लिखना आना चाहिए।
5. आवेदक को डाटा विश्लेषण एंव प्रस्तुती कौशल (Presentation skills) होना चाहिए।
6. सोशल मीडिया के उपयोग से परिचित होना चाहिए।
7. परियोजना प्रबंधक कौशल होना चाहिए।
8. स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेश से संबंधित संगठन के साथ काम करना एवं इंटर्नशिप का अनुभव होना वांछनीय है।
9. आवेदनकर्ता को अपने कार्यस्थल में रहकर कार्य संपादन करना अनिवार्य होगा।
10. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या का अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर, जिला सुकमा को होगा, जो सभी आवेदकों के लिए बाध्यकारी होगा।
11. यह भर्ती आदेश दिनांक से 06 माह के लिए होगी। कार्य संतोषप्रद एवं आवश्यकता होने पर पुनः 06 माह के आधार पर कार्यवृद्धि किया जा सकता है।

साक्षात्कार दिनांक :– 29.07.2024, साक्षात्कार स्थल :– जिला पंचायत सुकमा सभाकक्ष

क्रं.	पदों का विवरण	इन्टरव्यू दिनांक	वॉक इन इन्टरव्यू की समय सारिणी	कार्यवाही विवरण
01	आकांक्षी ब्लॉक फेले।	29.07.2024	प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक	अभ्यर्थियों का पंजीयन
			दोपहर 01:00 बजे से 02:00 बजे तक	पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन, दावा आपत्ति निराकरण। 02 बजे पात्र/अपात्र की अंतिम सूची का प्रकाशन
			दोपहर 02:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक	पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार

इच्छुक उम्मीदवारों से शैक्षणिक योग्यता अनुसार जिले के विभागीय वेबसाईट https://sukma.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं। अधिक जानकारी जिला पंचायत कार्यालय सुकमा में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत सुकमा (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 1272 (A) / जि.पं. / स्था. / 2024–25 सुकमा, दिनांक 15/ 07 / 2024

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर, जिला – सुकमा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
2. जिला चयन समिति (सर्व) .... की ओर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कोन्टा, जिला सुकमा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
4. सहायक संचालक, जनसंपर्क विभाग, जिला –सुकमा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि राज्य स्तर के 02 समाचार पत्रों में उक्त विज्ञप्ति के संबंध में लेख प्रसारित करें।
5. पीपीआईए फेलो, सुकमा को सूचनार्थ।
6. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत सुकमा (छ.ग.)